## महाराजा यशवंतराव होल्कर शा. महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया



**भानपुरा (इन्दौर समाचार)** । महाराजा यशवंत राव होलकर शासकीय महाविद्यालय भानपुरा में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के आदेश अनुसार देय नंदिनी प्रभारी डॉक्टर प्रीति शर्मा के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के के संग अभियान की शुरुआत हुई अलग-अलग दिन महाविद्यालय में तिरंगा थीम आधारित गतिविधियां जैसे रंगोली प्रतियोगिता तिरंगा रैली का आयोजन किया गया प्राध्यापक डॉक्टर रुचि सक्सैना एवम् डॉक्टर सीमा सेन के द्वारा विद्यार्थियों को महाविद्यालय में सेल्फी पॉइंट पर तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया गया 7 इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के समस्त स्टाफ डॉक्टर देवेंद्र धामनिया डॉक्टर पुष्पेंद्र आर्य राम गोपाल रुदावल तेजल मकवाना सोनू कल्याण सभी का सराहनीय सहयोग रहा।

## एन सी सी विंग द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य एवं आयुष्मान योजना पर कार्यशाला आयोजित की



**भानपुरा (इन्दौर समाचार)** । एन सी सी बटालियन 5 से प्राप्त निर्देशानुसार सांदीपनी विद्यालय भानपुरा में एन सी सी विंग द्वारा प्रधानमंत्री आरोग्य योजना, आयुष्मान योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्राचार्य सुनील तिवारी द्वारा आमजन हेतु जारी इस योजना के लाभों से आमजन व छात्र छात्राओं को विस्तार से बताया गया एन सी सी अधिकारी भीमसेन वधवा ने सभी कैडेट्स को जानकारी देते हुए कहा कि हमें अपने परिवारों के साथ साथ सभी आमजन जन को इस योजना के फायदे से अवगत करवा लाभ लेने हेतु प्रेरित करना है वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षिका माधुरी राठौर, किरण गौड, गणित वरिष्ठ शिक्षिका संयुक्त कलवाडयि़ा, विजय राठौर, वाणिज्य वरिष्ठ शिक्षिका प्रयागी सिसोदिया वरिष्ठ संस्कृत शिक्षिका सुनीता समेंरिया हिंदी विभाग प्रमुख दुर्गा लाल धाकड़ द्वारा सभी कैडेट्स व उपस्थित जन का प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत योजना के लाभों व पंजीयन संबंधी जानकारी से अवगत कराया गया अंत में सभी का आभार प्रभारी भीमसेन वधवा द्वारा व्यक्त किया गया।

## उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ

**मंदसौर (इन्दौर समाचार)** । उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के मंत्री श्री जगदीश देवा ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी है। श्री जगदीश देवडा ने कहा है कि आजादी का यह पर्व हमें उन वीर शहीदों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश को परतंत्रता की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। हम ऊर्जा और उल्लास से भरे हुए हैं। आजादी के लिए न जाने कितने भारतवासियों ने जीवन का बलिदान किया। आज हम उन सभी ज्ञात-अज्ञात सेनानियों का स्मरण करते हुए नमन करते हैं। उन्होने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर हमें राष्ट्र के समग्र विकास और आजादी की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधिक्षक ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

**मंदसौर (इन्दौर समाचार)** । कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनन्द ने जिले के सभी नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनन्द ने इस अवसर पर कहा कि स्वतंत्रता दिवस को दृष्टिगत रखते हुए हमें सर्वप्रथम उन जाबाज सैनानियों को स्मरण करना चाहिए। जिनके त्याग, तपस्या और अप्रतिबिंब बलिदान के कारण हमारे देश को स्वाधिनता मिली है। हमें प्रजातांत्रिक मूल्यों में वृद्धि लाने के लिए सदैव त्याग और उत्सर्ग के लिए तत्पर रहना चाहिए। आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं।

## विहिप के षष्ठीपूर्ति वर्ष पर कल 5 झांकियों व 25 अखाड़ों से अलंकृत चल समारोह निकलेगा

**मन्दसौर (इन्दौर समाचार)** । विश्व हिंदू परिषद, मंदसौर द्वारा कल, 16 अगस्त 2025 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर 60वें स्थापना-दिवस (षष्ठी-पूर्ति वर्ष) के उपलक्ष्य में भव्य चल समारोह निकाली जाएगी। यह चल समारोह प्रातः 11.30 बजे केशव सत्संग भवन, खानपुरा से शुरू होकर विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा पहुंचेगा जहाँ सायं 6 बजे मटकी फोड़ कार्यक्रम और संतों के सानिध्य में धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। इस चल समारोह को 5 झांकियाँ अलंकृत करेंगी। वहीं दुर्गावाहिनी अखाड़ा सहित 25 अखाड़ा दल अपने हेरतअंगेज पहलवानी प्रदर्शन से समारोह की शोभा बड़ाएंगे। घोड़ा, बग्गी और बैंड रैली की शोभा में चार-चाँद लगाएंगे। कलशधारी महिलाएँ समारोह को विशिष्टता प्रदान करेगी। विश्व हिन्दू परिषद के सर्वश्री गुरूचरण बग्गा, डॉ. प्रवीण मण्डलोई, हेमंत बुलचंदानी, सत्यनारायण मोदी, प्रकाश पालीवाल, हरीश टेलर, अमरदीप कुमावत, कन्हैयालाल सोनगरा, मनीष भाटी, शंकर शर्मा, प्रतीक व्यास, विनोद जाट, गौरव राजपूत, नवनीत पारिख सहित विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आदि ने चल समारोह, धर्मसभा एवं सभी कार्यक्रमों में सपरिवार उपस्थित होकर धार्मिक लाभ लेने का अनुरोध किया है। उक्त जानकारी कन्हैयालाल सोनगरा ने दी।






# तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी आज़ादी का प्रतीक और देश के गौरव हे - विधायक जैन

## विधायक जैन के नेतृत्व में मंदसौर नगर में तिरंगा ध्वज का वितरण किया गया

**मंदसौर (इन्दौर समाचार)** ।

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की पूर्व संध्या को जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन के नेतृत्व में नगर में तिरंगा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर नागरिक के मन में देशभक्ति की भावना को प्रज्वलित कर तिरंगे के सम्मान कोमजबूत करना था ।

कार्यक्रम की शुरुआत मंदसौर नगर के घंटाघर क्षेत्र से बस स्टैंड की तरफ पैदल चलते हुए प्रत्येक टेंपो, टैक्सी और ठेला व्यवसायी के ठेले पर अपने हाथों से तिरंगा लगाया। साथ ही सभी वाहन चालकों और व्यवसायियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं ।

विधायक विपिन जैन ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी आज़ादी का प्रतीक और देश के गौरव का परिचायक है । उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे 15 अगस्त को अपने घर, दुकान, वाहन और कार्यस्थल पर तिरंगा अवश्य लगाएँ, ताकि देशभक्ति का यह संदेश जन-जन तक पहुँचे । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे ।इस अवसर पर विधायक जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष में सर्वश्री विकास दशोरा, ईश्वर लाल धाकड़,जिला कांग्रेस पदाधिकारीयो में सर्वश्री तरुण खींची,अशोक रैकवार, राजेंद्र छाजेड़, आसिफ छिपा,राजनारायण लाड,साबिर इलेक्ट्रीशियन, वहीद जैदी,विश्वास दुबे, राजेश फरक्या,कमलेश सोनी,रविंद्र पाटीदार ,संजय सोनी, खलील पठान,कैलाश मनवानी,रमेश सिंगार,संजय नाहर,सुनील पामेचा,जिला मोर्चा संगठन में सर्वश्री निर्विकार रातडिया, मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष सलीम खान,अंबालाल हिंगोरिया, समाजसेवियों में सर्वश्री नागेश्वर मालवीय, वल्लभ बघेरवाल,नितनेश बसेर,राकेश जैन पिंटू ,विजय आनंद, महिला नेत्रीयों में श्रीमती रफत पयामी, इंस्टा भाचावत, सुनीता बंडी, राखी सत्रावाला,अनीता भदोरिया, योगिता बैरागी,मीना चौहान,पारस जादू,जय डागर,पूजा घावरी,आरती घावरी, कलाचंद्र सोनवाल,नीता तंवर,मंडलम अध्यक्ष गण में रमेश ब्रिजवानी,दशरथ सिंह राठौर, पंकज जोशी,शैलेंद्र बघेरवाल,मनोहर नाहटा,राजू सतीदासानी,अकरम खान,ओमप्रकाश माथुर,अशोक राव,राजेश खींची,सादिक गोरी,महेश गुप्ता,रवि विनायका,राहुल तिवारी, आमीन खान,दुर्गेश चंदेल,नितिन शर्मा नौगांवा,राजेश चौधरी,संजय जेन,चेन सिंह सिसोदिया,राकेश सेन,गगन माली फरीद कुरैशी,हिम्मत पोखरना, नईम शाह आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।

## सरस्वती विहार संजीत मार्ग मंदसौर में अखंड भारत संकल्प दिवस एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया

**मन्दसौर (इन्दौर समाचार)** ।

सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, आवासीय विद्यालय एवं आवासीय छात्रावास में संयुक्त अखंड भारत संकल्प दिवस एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा भारत माता का पूजन, दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री विकास राठौर (विस्तारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) विशिष्ट अतिथि श्री पियूष भावसार (महाविद्यालय जिला विद्यार्थी परिषद सह कार्य प्रमुख) शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. योगिता सोमानी आवासीय विद्यालय के प्राचार्य श्री महेश वप्ता एवं छात्रावास अधीक्षक श्री कमल किशोर गोठी उपस्थित रहें।

मुख्य अतिथि ने अखंड भारत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक महत्व और राष्ट्रीय एकता में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा की अखंड भारत केवल एक भौगोलिक अवधारणा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक और साझा पहचान का प्रतीक है। उन्होंने हिंदू साम्राज्य स्थापित करने वाले विभिन्न महान योद्धाओं से अवगत करवाया एवं यह संकल्प लेने को कहा की देश सेवा सबसे पहले। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों एवं शिक्षा महाविद्यालय के छात्राध्यापकों ने देशभक्ति गीत, और कविताओं के माध्यम से अखंड भारत के आदर्श को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की आचार्या सुश्री कविता शर्मा ने किया। अतिथि परिचय महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक श्रीमती निशा शर्मा ने दिया। अतिथिगणों का स्वागत शिक्षा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री संजय डागर, सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रेरणा सक्सेना, छात्रावास के आचार्य श्री धीरज शर्मा एवं आवासीय विद्यालय के आचार्य श्री पंकज पोरवाल ने किया। कार्यक्रम में शिक्षा महाविद्यालय, आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास के समस्त स्टॉफ, छात्राध्यापक एवं भैया बहन उपस्थित रहें।

आभार महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. कृतिका माथुर ने माना। उक्त जानकारी मीडिया प्रमुख श्रीमती निशा शर्मा एवं श्री पंकज पोरवाल ने दी ।

## डीवीएम स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**मन्दसौर (इन्दौर समाचार)** । शहर के दशपुर विद्या मंदिर हा. से. स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। सभी बच्चे राधा व कृष्ण की पोशाक पहनकर आए। स्कूल परिसर को श्री कृष्ण जन्म के लिए शिक्षिकाओं द्वारा सजाया गया। कृष्ण जी का हिन्डोला सजाया गया व बच्चों ने झांकिया सजाई। कन्हैया के रूप में सजे नन्हें मन्ने सबका मन मोह रहे थे। इस अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं प्रतियोगिता का आनंद उठाया। स्कूल के प्राचार्य ने कृष्ण जन्मोत्सव के बारे में बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण से हमें सीखना चाहिए कि किस तरह से हर परिस्थिति का सामना करें। उन्होंने कंस का संहार करके लोगों को अत्याचारों से मुक्ति दिलाई। द्रोपदी की लाज बचाई। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देकर आत्मा, परमात्मा, योग, कर्म की व्याख्या की। विद्यालय के निदेशक श्री राजेंद्र जी छाजेड़ एवं सचिव सुश्री जया विशनानी द्वारा राधा और कृष्ण बने नन्हे-मुन्हें बच्चों को पुरस्कार बांटे। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक - शिक्षिकाओं का सहयोग प्रशंसनीय रहा।



## आईपीएस इंग्लिश स्कूल गांधीनगर के छात्रों और स्टाफ ने तिरंगा यात्रा निकाली

**मंदसौर (इन्दौर समाचार)** । देशभर में निकल जा रही तिरंगा यात्रा के क्रम में मंदसौर के गांधीनगर स्थित आईपीएस स्कूल के छात्रों और स्टाफ ने गांधीनगर क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ तिरंगे के महत्व को प्रतिपादित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों ने तिरंगा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गांधीनगर क्षेत्र के नागरिक भी बड़ी संख्या में यात्रा में उपस्थित थे। सर्वप्रथम यात्रा को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र की पार्षद श्रीमती भारती पाटीदार ने रैली को रवाना किया ।इस अवसर पर क्षेत्र के पूर्व पार्षद डॉ प्रीतिपालसिंह राणा समाजसेवी डॉक्टर श्रवण श्रीवास्तव शिक्षाविद रतनलाल चौहान श्रीमती संचेती अध्यक्ष इनरव्हील क्लब श्रीमती शर्मा, स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर भानुप्रताप सिंह राणा , स्कूल कॉर्डिनेटर पूनम कुमावत , स्टाफ राजकुमारी शर्मा,आकांक्षा नागवार, हिमांशु कुमावत , विमल कोहली के साथ बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।




## शासकीय कन्या महाविद्यालय में बलराम जयन्ती मनाई

**मंदसौर (इन्दौर समाचार)** ।

शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की प्राचार्य डॉ.उमा गगरानी ने बलराम जयन्ती पर उद्बोधन देते हुए कहा कि इस अवसर पर हम सबकों बलरामजी जिन्हें दाऊ भय्या भी कहा जाता है उनके समान अपने अनुजों के प्रति स्नेह रखते हुए ऐसा व्यवहार रखना चाहिए जिससे कि वे आहत न हो। आपने कहा कि हमारे अन्दर कितना भी बल हो उसका प्रयोग उचित स्थान पर करना चाहिए किसी को यातना देने के लिए नही।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.पी.एल.पाटीदार ने कहा कि बलरामजी को कृषि का देवता भी कहा जाता हैं इसलिए कई जगह आज हलधर जयन्ती भी मनाई जाती है। जैन धर्म में बलरामजी को बलदेव के नाम से संबोधित किया गया है। आपने पौराणिक कथाओं के दृष्टांत से उदाहरण देते हुए बताया कि एक बार लक्ष्मणजी ने रामजी से कहा कि आपने कई जगह अन्याय सहन किया है किन्तु अनुज होने के नाते आपके किसी निर्णय में अपना मत व्यक्त नहीं किया।

इसलिए अगले जन्म में मुझे बडे भाई का पद मिले एवं आप मेरे अनुज रहे। इस प्रकार द्वापर युग में बलरामजी बडे भाई के रूप में एवं श्री कृष्ण छोटे भाई के रूप में जाने गये। महाभारत युद्ध में बलरामजी ने श्री कृष्ण का सहयोग किया किन्तु तटस्थ रहते हुए युद्ध में भाग नहीं लिया। वे युद्ध की बजाय संवाद के द्वारा समस्या का हल निकालने पर विश्वास रखते थे। एक गुरू के रूप में आपने दुर्योधन को भी वही गदायुद्ध की शिक्षा दी जो कि भीम को दी गई थी। शिक्षा में आपने कभी भी किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया। बलरामजी का जन्म श्री कृष्ण की लीलाओं को पूर्णता देने के लिए ही हुआ था।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.अनुराग आर्य द्वारा किया गया एवं आभार श्री दिलीपसिंह कांदिल द्वारा व्यक्त किया। इस अवसर पर लगभग 40 छात्राओं एवं महाविद्यायलयीन स्टॉफ द्वारा सहभागिता की गई।श्च

## उद्यानिकी महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह के द्वितीय दिवस में हुआ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**मन्दसौर (इन्दौर समाचार)** । राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के कुलपति प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला के निर्देशन तथा उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के अधिष्ठाता डॉ. आई. एस. तोमर के मार्गदर्शन में एंटी रैगिंग सप्ताह के द्वितीय दिवस पर विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु एंटी रैगिंग एक्ट से संबंधित एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर हॉर्टिकल्चर कॉलेज, मंदसौर के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. प्रियंवदा सोनकर, श्री प्रदीप तुरुकमाने एवं डॉ. देवेंद्र कुमार इनवाती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।प्रतियोगिता में अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर सम्मानित किया जाएगा।

## विद्यार्थियों को नई तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया

**मंदसौर (इन्दौर समाचार)** ।

मंदसौर विश्वविद्यालय में एडु हैक हैकथॉन 2025 का दो दिवसीय आयोजन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया। इस हैकाथॉन का उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी नवाचार, समस्या समाधान क्षमता और टीम वर्क की भावना को विकसित करना था। प्रतियोगिता में कुल 340 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जिन्हें 68 टीमों में विभाजित किया गया।

हैकथॉन में प्रतिभागियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्मार्ट सिटी और अन्य तकनीकी चुनौतियों के




समाधान प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5 हजार रू., द्वितीय स्थान को 3 हजार रू. और तृतीय स्थान को 2 हजार रू. का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस आयोजन में ,अनस्टॉफ, ने टेक्निकल पार्टनर के रूप में सहयोग किया, जबकि स्मृति बैंक, मंदसौर ने स्पॉन्सर के रूप में योगदान दिया।

कार्यक्रम की सफलता पर मंदसौर विश्वविद्यालय के चेयरमैन श्री नरेंद्र नाहटा ने विद्यार्थियों को नई



तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन श्री राहुल नाहटा ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। कुलपति डॉ. वी.एस.एस. कुमार ने भी हैकाथॉन के सफल आयोजन पर बधाई दी।

अकादमिक डीन प्रो. (डॉ.) अरुणावा दास ने तकनीकी प्रतियोगिताओं के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को इस क्षेत्र में करियर अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलसचिव प्रो. आशीष पारीख ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं, वहीं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. हरीश पाटीदार ने विद्यार्थियों को मेहनत, दृड़ता और लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया।इस प्रतियोगिता में छात्रों आयुष सैनी और जितेंद्र के प्रदर्शन को भी विशेष रूप से सराहा गया। कार्यक्रम का समन्वय श्री श्रवण कुमार शर्मा एवं सुश्री प्रियंका परिहार द्वारा किया गया।